कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 04.12.2024

/प्रेस विज्ञप्ति/

गर्ल्स कॉलेज, दुर्ग का सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम महमरा में आयोजित किया गया। इस शिविर का समापन डॉ0 ऋचा ठाकुर, प्राचार्य शासकीय संगीत महाविद्यालय, दुर्ग के मुख्य आतिथ्य में एवं डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल, प्रभारी प्राचार्य की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि मैं एक कलाकार हूं। यहां पर कला की विभिन्न विधाओं को देखने का अवसर मिला, प्रत्येक व्यक्ति में अनेक कलायें विद्यमान है। उसे परखने, निखरने और जीवन में उतारने की आवश्यकता है। प्रभारी प्राचार्य ने कहा कि महाविद्यालय की रा0 से0 यो0 की छात्रायें अनुशासित और संयमित है। शिविर के माध्यम से छात्राओं के व्यक्तित्व में और निखार आया है। इस ऊर्जा को वे सतत् रूप से बनाए रखे। डॉ0 सुषमा यादव ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि सात दिवसीय शिविर में कु0 नम्रता बंजारे, डागेन्द्र साहू एवं भावना बंजारे द्वारा आत्मरक्षा हेतु कराते का प्रशिक्षण दिया गया। डॉ0 अमृतलाल गुर्वेन्द ने नशा के दुष्परिणाम व बचाव के संबंध में व्याख्यान दिया। डॉ0 कामता साहू ने भारतीय संस्कृति पर व्याख्यान दिया। कु0 रूचि शर्मा पैरालिगल वालिटिंयर विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग ने महिला उत्पीड़न, महिला सुरक्षा कानून एवं विभिन्न धाराओं पर व्याख्यान दिया। पांच वर्षीय गुगल ब्वाय रूद्र शर्मा ने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न जटिल प्रश्नों के उत्तर देकर छात्राओं को लाभान्वित किया। डॉ0 अमिता सहगल, विभागाध्यक्ष गृहविज्ञान ने पोषण आहार पर व्याख्यान दिया। रेडक्रॉस की प्रभारी डॉ0 रेशमा लाकेश ने एड्स के संबंध में जानकारी प्रदान की। स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर में डॉ0 मानसी गुलाटी नर्सिंग होग, स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं डॉ0 विनीता ध्रुव जिला चिकित्सक दुर्ग ने छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया और छात्राओं को महिलाओं से संबंधित रोगों के कारण एवं बचाव की विस्तृत जानकारी प्रदान की। डॉ0 अरूण सिंह नेत्र रोग विशेषज्ञ, जिला चिकित्सालय दुर्ग, डॉ0 अभिषेक खरे, दन्त रोग चिकित्सक ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। श्री वेदनारायण यदु ने रक्त परीक्षण कर छात्राओं एवं ग्रामीण का रक्त समूह बताया। शिविर में श्री सीताराम ठाकुर ओम सत्यम जन शिक्षण विकास समिति, श्री पन्ना नेताम, श्री राजकुमार एवं चिकित्सकों के सहयोगियों ने शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सांस्कृतिक संध्या के अंतर्गत डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव ने ग्रामीणों को कहा कि प्रतिदिन शिविर में श्रमदान कर गांव की सफाई योगा, बौद्धिक परिचर्चा, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेलकूद का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी के अंतर्गत नशामुक्त भारत, पर्यावरण, वृक्षारोपण, मतदाता जागरूकता, स्वच्छता जागरूकता से संबंधित रैली एवं पोस्टर लगाकर ग्रामीणों को जागरूक किया। बुजुर्गों का शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया, सांस्कृतिक एवं खेलकूद में सहभागी ग्रामीण बच्चों को पुरस्कृत किया गया। ग्राम सरपंच श्रीमती खेमेश्वरी निषाद, पूर्व सरपंच श्री शिव निषाद, प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक एवं ग्रामीणों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। शिविर के सफल संचालन में कु0 खुशबू साहू, कु0 पूर्वी साहू, कु0 खेमलता, कु0 नेहा ढीमर, श्री विमल यादव, श्री विजय चंद्राकर का विशेष योगदान रहा।

टीप– समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

गर्ल्स कॉलेज, दुर्ग का सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन